तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

12 हाई स्कूल में किया गया पौधारोपण

14 नपा अध्यक्ष अशोक ने महिला समूह को चेक...




# स्कूल परिसर में घुटने तक पानी और क्लास रूम भी जलमग्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

समीप ग्राम पंचायत अहिल्दा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर एवं कक्षा रूम में बारिश का पानी भर जाने से छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। स्कूल में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। रविवार देर रात से सुबह तक हुई झमाझम बारिश के बाद सुबह 9 बजे जब स्कूल छात्र-छात्राएं पहुंचे तो परिसर में घुटने तक पानी भरा हुआ था। इस कारण बच्चे किसी तरह क्लास रूम तक पहुंचे। प्रधान पाठक

## पानी निकासी के अभाव में छात्र परेशान, जिम्मेदारों ने अब तक नहीं दिया ध्यान



### मध्यान्ह भोजन में भी परेशानी

शाला के छात्र छात्राएं आखिर कहा बैठ कर अपनी पढ़ाई करें। मध्यान भोजन में भी परेशानी हो रही है। अभी तो बारिश शुरू हुई है सावन के बरसात में क्या होगा यदि समय रहते तत्काल समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया तो ऐसे स्थिति में स्कूल बंद करना पड़ सकता है। समय रहते पानी निकासी के लिए उचित कदम उठाएं छात्रों का क्लास रूम तक जाना मुश्किल हो गया है। मुख्य गेट से लेकर पूरे परिसर में रविवार की बारिश से पानी भरा हुआ है और विद्यार्थियों को क्लास रूम तक पहुंचने में परेशानी आ रही है।

अरविंद मिश्रा ने इसकी जानकारी शाला समिति के अध्यक्ष को दी। प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा ने बताया कि शाला परिसर एवं क्लास रूम में बरसात का पानी विगत 10 वर्षों से भरता हुआ आ रहा है। इस समस्या के निदान के लिए हमने पंचायत प्रतिनिधियों सहित शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों हमेशा देते रहे हैं, लेकिन अब तक इस ओर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया और न स्थाई हल निकला।

पानी भरा होने से परिसर में कीचड़ की स्थिति बन गई है, जिम्मेदारों ने इस समस्या का समाधान करने के ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ

**बलौदाबाजार**। जिले में चिकित्सा व्यवस्था में कसावट लाने और आम जनता को कुशल चिकित्सकों की सुविधा मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला खनिज न्यास निधि से विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है। विभाग द्वारा प्रत्येक गुरुवार को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक इंटरव्यू का आयोजन 3 जुलाई से किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि वॉक-इन इंटरव्यू में मेडिसिन, नाक- कान -गला, एनेस्थीसिया, स्त्री रोग, जनरल सर्जरी, रेडियोलॉजिस्ट, हड्डी तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जानी है। यह डॉक्टर जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवा देंगे। आयु सीमा इसके लिए अधिकतम 70 वर्ष निर्धारित की गई है। नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई तथा एक वर्ष हेतु होगी।

### आपदा पीड़ित परिवार को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में शत्रुघन पिता चमरू, निवासी ग्राम देवतराई तहसील सोनाखान एवं दुधमोती पति स्व. दुवारु बरिहा, निवासी ग्राम कुशभाठा तहसील सोनाखान शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### जिले में अब तक 259 मिमीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार**। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 7 जुलाई तक 259 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 307.4 एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 190 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 288.5 मिमी, बलौदाबाजार 271.2 मिमी, पलारी 258.1 मिमी, सिमगा 257.6 मिमी, भाटापारा 253.6 मिमी, लवन 252.6 मिमी एवं सोनाखान में 252.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 2331.1 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 259 मिमी है। 7 जुलाई 2025 को 513.4 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 57 मिमी है। जिले के तहसीलवार में बलौदाबाजार 94 मिमी, सिमगा 73.6 मिमी, पलारी 68.6 मिमी, सुहेला 58.5 मिमी, भाटापारा 57.6 मिमी, लवन 46.7 मिमी, सोनाखान 45.3 मिमी, टुण्डरा 36.5 मिमी एवं कसडोल 32.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

**मांग : छात्रों को रोकने प्रशासन ने की थी नाकेबंदी**

# एकलव्य में बिजली-पानी की समस्या के लेकर छात्र पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान के बच्चे सोमवार को बिजली, पानी, भोजन जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर कलेक्टर से मिलने एक सर्विस बस में सवार होकर निकले। जैसे ही खबर ज़िला प्रशासन को मिली उसके बाद कसडोल एसडीएम, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त और कसडोल पुलिस द्वारा नाकेबंदी कर एकलव्य आवासीय विद्यालय के बच्चों को पहले रोका गया, फिर उन्हें समझाइश दी गई। बावजूद आक्रोशित बच्चे नहीं माने और पैदल ही बलौदाबाज़ार की ओर निकल पड़े। एक तरफ बच्चे पैदल चल रहे थे, वहीं उनके पीछे एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की टीम चल रही थी। इस बीच बच्चे पैदल ही क़रीब 5 किलोमीटर तय कर चुके थे। घंटों समझाइश बारिश के बाद बच्चे डोंगरीडीह गांव में रुके। बच्चों की ज़िद थी कि वे अपनी बात कलेक्टर के सामने ही रखेंगे, यहां तक कि मीडिया से भी कड़ा रुख अख्तियार करते हुए दुर्व्यवहार किया गया। बच्चों की ज़िद के आगे कसडोल एसडीएम को झुकना पड़ा और फिर 4 बच्चों को लेकर एसडीएम कलेक्टर कार्यालय रवाना हुए। बच्चों ने कलेक्टर से अपनी बात कहीं है। वही बच्चों के पालक ने बताया कि यह समस्य पिछले 3–4 सालों से है। हर साल केवल आश्वासन ही मिलता है। समस्या का समाधान नहीं होता है तो आगे उग्र आंदोलन करेंगे। बिजली के अभाव में पीने के पानी की समस्या होती है, जिसके कारण भोजन भी नहीं बन पाता। इसका स्थायी समाधान निकालने की मांग की।

## रोकने पर छात्र पैदल पहुंच गए कलेक्टारेट और गिनाई समस्याएं



### स्थायी समाधान के निर्देश

एकलव्य विद्यालय के विधार्थी समस्याओं के लेकर आये थे, बिजली बंद होने की समस्या गिनाई। उन्होंने स्थायी सुधारके लिए बिजली विभाग को निर्देश दिए। बच्चों के मार्कशीट में कुछ त्रुटियां हो गई थी, जिसे प्राचार्य द्वारा रीजनल आफिस भुवनेश्वर भेजा गया है आने पर बच्चों को दे दी जायेगी।

-**दीपक सोनी**, कलेक्टर, बलौदाबाजार





# आंबा केंद्र की दीवारों में दरारें छत से टपक रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कामता स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 की हालत बद से बदतर होती जा रही है। बच्चों के पोषण, देखभाल और शिक्षा के लिए बनाए गए इस केंद्र का भवन पूर्णतः जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। हालात इतनी खराब हो गई हैं कि अब यह भवन बच्चों और कार्यकर्ताओं की जान के लिए खतरा बन चुका है।

- छत का प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका, चित्रकारी भी दो हिस्सों में बंटी



तस्वीरों में स्पष्ट देखा जा सकता है कि शिक्षाप्रद दीवारों पर लगी चित्रकारी फल, जानवर, आकार और रंग सिखाने वाले चित्र बने हैं, वे भी दरारों के चलते कट-फट गए हैं। कुछ जगहों पर ईंटें और प्लास्टर तक झड़ चुके हैं, जो किसी भी दिन बड़ा हादसा होने की चेतावनी दे रहे हैं। इस गंभीर ▶▶ शेष पेज 13 पर

### छत से पानी टपक रहा, दीवारों में गहरी दरारें

मानसून की शुरुआत के साथ ही भवन की छत से भारी सीपेज शुरू हो गया है। छत की प्लास्टरिंग पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह फफूंदी व सीलन फैल चुकी है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। यही नहीं, दीवारों में कई गहरी दरारें साफ नजर आ रही हैं जो भवन की संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाती हैं।

# बाड़ी में लगी आग, पैरा-लकड़ी और कंडा खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ग्राम भालेसुर में भारी बारिश के बीच सोमवार को ग्रामीण दानी परघनिया की बाड़ी में रखे पैरा, लकड़ी और कंडा में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि ग्रामीणों के भरपूर प्रयास के बावजूद स्थिति को काबू में लाना मुश्किल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और बचाव कार्य में जुट गए, लेकिन बारिश और हवा के कारण आग तेजी से फैलती रही। स्थिति गंभीर होते देख सरपंच नवीन कुमार वर्मा ने तत्काल सुहेला थाना और नजदीकी अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र को सूचना दी। दमकल वाहन के मौके पर पहुंचने के बाद आग पर धीरे-धीरे काबू पाया गया। सरपंच नवीन वर्मा ने बताया कि अगर समय पर थाना एवं संयंत्र की दमकल टीम नहीं पहुंचती, तो आग आस-पास के घरों में फैल सकती थी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने शासन-प्रशासन से सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए गांव में प्राथमिक स्तर पर दमकल व्यवस्था होनी चाहिए।

# चलती बस में ड्राइवर बेहोश, गड्ढे में बस घुसी, यात्री है सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर




चन्द्राकार सवारी बस के ड्राइवर का अचानक बीमार पड़ने से बड़ा हादसा टल गया। बस आरंग से बलौदा बाजार चलती है। अपने निर्धारित समय से कौडिया और घोटीया के बीच में ड्राइवर रामकृष्ण यादव 60 निवासी अचानक बेहोश हो गया, जिसके चलते बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक गड्ढे में जा घुसी, जिसमें चार से पांच सवारी सवार थे। यात्रियों को कोई चोट नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने मौका स्थल पर यात्री एवं ड्राइवर को तत्काल बाहर निकले और खपरी निवासी मुकेश झा ने तत्काल थाना प्रभारी हेमंत पटेल को जानकारी दी और अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीएस ध्रुव ने तत्काल उपचार करना प्रारंभ किया और ड्राइवर को घटना के बारे में पूछ-ताछ की। ड्राइवर की अचानक सिर में दर्द एवं हाई बीपी होने से तबीयत खराब हो गई थी, जिसे प्राथमिक उपचार करने के पश्चात ड्राइवर को जिला स्वास्थ्य केंद्र बलौदा बाजार के लिए रेफर कर दिया गया। राहगीर राहुल तेली वटगन, धनराज बारले तमोरी, कृपानंद झा रायपुर आदि ने घटनास्थल से यात्री एवं ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाल कर मदद की।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि बस तेज गति से चल रही होती या सड़क पर भीड़ ▶▶ शेष पेज 13 पर

**राजधानी रायपुर के निमोरा में हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ**

# जिपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने जानी पंचायती राज अधिनियम की बारीकियां

हरिभूमिन्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ के सभी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का 3 दिवसीय प्रशिक्षण स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट निमोरा रायपुर में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस में प्रशिक्षण के उद्घाटन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति रही। जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायती राज अधिनियम से संबंधित अनेक जानकारियां प्रदान की गई एवं 73वें संविधान संशोधन के प्रावधानों के संबंध में सभी जनप्रतिनिधियों को आवश्यक सूचना प्रदान की गई। प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों द्वारा अलग-अलग विषय के विशेषज्ञों को जानकारी साझा करने के लिए संस्थान में आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश के सभी जिला पंचायत अध्यक्षों द्वारा कई आवश्यक मांगों को जिला पंचायत अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में शामिल करने का मांग रखी गई। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष को डीएमएफ मद से जिला क्षेत्र के मांग के अनुरूप कार्यों की अनुशंसा करने का अधिकार दिए जाने की बात सभी अध्यक्षों द्वारा कही गई।

आयोजित प्रशिक्षण में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास करने में प्राप्त प्रशिक्षण सहायक सिद्ध होगी एवं कई आवश्यक योजनाओं के लाभ को ग्रामों के अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाया जा सकेगा। प्रशिक्षण उद्घाटन पर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, संचालक पंचायत संचालनालय एवं निमोरा स्थित प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# भारत स्काउ गाइड ने रोपे फल और छायादायी पौधे



**बलौदाबाजार**। स्वामी आत्मानंद विद्यालय लाहौद में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी उपस्थित थे। अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल ने किया। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला मुख्य आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, स्थानीय संघ के अध्यक्ष मानक चंद वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, विभा केसरवानी, नरेश ▶▶ शेष पेज 13 पर

- स्थानीय संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी को दिलायी शपथ और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया

## खबर संक्षेप



### शराब बेच रही बुजुर्ग महिला के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की बिक्री कर रही बुजुर्ग महिला के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिसने बताया कि सूचना मिली थी कि तुमगांव के अंबेडकर चौक के पास रोड किनारे एक महला ठगिया बाई यादव पति राजाराम यादव (61 वर्ष) अंबेडकर चौक तुमगांव के कब्जे से 18 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रुपए एवं 2.8 नग पौवा देशी मसाला शराब कीमत 960 रुपए कुल कीमत 2760 रुपए और बिक्री रकम 300 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(1)(क)(ख) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।




### बाहुड़ा यात्रा का किया स्वागत

**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा चौक में भगवान जगन्नाथ के बाहुड़ा यात्रा का स्वागत नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता शरद राव मराठा, महेंद्र सिक्का, राजू यादव ने किया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना की। भगवान नौ दिन उपरांत मंदिर में वापस लौट कर विराजित हुए।

### निधन

#### महादेव प्रसाद श्रीवास्तव



**महासमुंद।** स्थानीय पुराना सिविल लाइन निवासी महादेव प्रसाद श्रीवास्तव (87) सेवानिवृत प्रधान पाठक का सोमवार शाम निधन हो गया। वे कुमारेश, नितेश व मनीष श्रीवास्तव के पिता थे। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

**चर्चा :** आयोजन को लेकर बागबाहरा में हुई आदिवासी समाज की तैयारी बैठक

# बागबाहरा के मंडी प्रांगण में आयोजित होगा विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव : भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

संयुक्त राष्ट्र संघ यूएनओ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त को पूरे वैश्विक स्तर पर आदिवासियों के हक, अधिकार, परंपरा संस्कृति जल-जंगल और जमीन व संवैधानिक अधिकार को संरक्षित करने तथा समाज में जागरुकता लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश से लेकर जिला/ब्लॉक एवं ग्रामीण अंचलों में बड़े धूमधाम से छोटे-छोटे व बड़े आयोजन कर पारंपरिक वेषभूषा में सुसज्जित समाज जन एकजुट होकर एकता, अखंडता और समानता को प्रदर्शित करते हुए एक मंच पर समाज की प्रगति, विकास और उत्थान पर विचार संगोष्ठी के साथ-साथ आयोजन में सम्मिलित समाजजनों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक वेषभूषा में नर्तक दलों के द्वारा नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वादन, गायन आदि का कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो अपने आप में एक अलग वातावरण स्थापित करते हैं।

इसी तारतम्य में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाने को लेकर महासमुंद जिले में प्रायोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ब्लॉक मुख्यालय बागबाहरा के विश्राम गृह में 6 जुलाई रविवार को जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज व उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर के नेतृत्व तथा बैठक प्रभारी राजकुमार ध्रुव अध्यक्ष सुअरमाल परिक्षेत्र क्रमांक



02 व मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव के संयोजन में सर्व आदिवासी समाज (रूढ़िजन्य परंपरा पर आधारित) जिला महासमुंद के जिला इकाई कार्यसमिति की आवश्यक बैठक आहूत की गई।

जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक में उपस्थित सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखजनों द्वारा सर्व सम्मति से प्रस्ताव किया गया कि पूर्व के भांति इस वर्ष भी सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद (रूढ़िजन्य परम्परा पर आधारित) के तत्वावधान में 09 अगस्त को ही बागबाहरा के मंडी प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करने में अपनी सहमति जताई गई। ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए आगामी बैठक में सर्व सम्मति से विचार विमर्श कर सुनियोजित तरीके से कार्य योजना की तैयारी की जाएगी। वहीं जारी विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव ने कहा कि अभी से ही क्षेत्र के युवाओं में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाए जाने को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहे हैं तथा सोशल मीडिया में काफी सक्रियता नजर आ रही है। इसी प्रकार से अन्य सामाजिक गतिविधियों व सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने में प्रयास होना आवश्यक है। ताकि, समाज की रीति - नीति, संस्कार, परंपरा संस्कृति के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक विषयों की जानकारी के साथ अपना भविष्य निर्माण कर सकें। पिछले कुछ समय से युवा पीढ़ी में समाज के प्रति लगाव और जागरूकता में काफी बढ़ोतरी हुई है।

बागबाहरा के मंडी प्रांगण में प्रायोजित जिलास्तरीय विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने में सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखजनों ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग व समर्थन करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में सहभागी बनने की पूर्ण सहमति प्रदान की गई। आयोजन की समीक्षा के लिए आहूत बैठक में जिला कार्यकारिणी के प्रतिनिधि मंडल के समाज प्रमुख एवं समस्त पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्तागणों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस अवसर पर बैठक प्रभारी राजकुमार ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ सुअरमाल परिक्षेत्र क्र.02, जिला मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव, बलराम ध्रुव जनपद सदस्य बागबाहरा व अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र खल्लारी द , जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ महिला प्रभाग मति डेजीरानी नेताम, कार्यकारी जिलाध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा भूमिका ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री ध्रुव, पुष्पेंद्र ध्रुव शिक्षक व मुख्य सचिव गोंडवाना गोंड महासभा जिला महासमुंद, जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग हेमसागर बिंझवार, जिलाध्यक्ष खड़िया समाज पंचूराम खड़िया, जिला उपाध्यक्ष युवा प्रभाग संतोष कुमार खड़िया, ब्लाक अध्यक्ष बागबाहरा पुरन सबर, उदयभानु ध्रुव ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद, संरक्षक युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव, मीडिया प्रभारी युवा प्रभाग हितेश्वर मरई, सामाजिक कार्यकर्ता टोपेश ध्रुव, दानवीर ध्रुव, टीकम सिंह नेताम, गुलशन ध्रुव, हरिराम खंडिया, राजकुमार खंडिया, समाज सेवक भेखराम ध्रुव, गैंदलाल दीवान, रमन बरिहा सहित सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे।

---

## होली फेथ स्कूल के बच्चों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल के बच्चों ने अध्यक्ष महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। और वहां अपना काफी समय व्यतीत किया। बच्चों के लिए यह कार्यक्रम बुजुर्गों के प्रति संवेदना के भाव को लेकर था। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल कायम की। साथ ही भावनात्मक एवं प्रेरणादायी सेवा कार्य किया। बच्चे जब वृद्धाश्रम पहुंचे तो बुजुर्गों की आंखों में एक दर्द साफ दिखाई दे रहा था। बच्चों ने थोड़ी-थोड़ी राशि मिलाकर उनके लिए कुछ खाने की व्यवस्था एवं घर के साफ सुथरे कपड़े उन्हें प्रदान किया। इस स्नेहपूर्ण भेंट पाकर वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की आंखें नम हो गई।

शिक्षिका वसुंधरा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजकल के कई बच्चे अपने ही माता-पिता या दादा-दादी को अकेला छोड़ देते हैं। जबकि, हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि बुजुर्गों का सम्मान और देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सरवरी पींचा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में सामाजिक मूल्य और नैतिकता की नींव मजबूत करती है। आश्रम प्रबंधक ने विद्यालय परिवार का विशेषकर जयेश और वसुंधरा का आभार व्यक्त किया।

---

## राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की सभा में शामिल हुए सोनाखान के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे एवं बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक के नेतृत्व में सोनाखान से सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ''किसान, जवान, संविधान'' कार्यक्रम को सुनने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचकर, कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया । किसान, जवान, संविधान, जन सभा कार्यक्रम को दीपक बैज, ताम्रध्वज साहू, टी एस सिंहदेव, चरण दास महंत, भूपेश बघेल, सचिन पायलट, और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित किया ।

इस कार्यक्रम में सोनाखान ब्लॉक से अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, जान मोहम्मद खान, पीके धृतलहरे, मोती साहू, मुरलीधर मिश्रा, सुखलाल निषाद, रामशंकर साहू, सतीश साहू, दिनेश देवांगन, प्रेमशिला नायक, आरती मिश्रा, इतवारी साहू, सूरज साहू, लोरिक यादव, अनिल यादव, गोपी साहू, हेमलाल पटेल, रवि बंजारे, महावीर गोंड, रामकुमार, सालिक पटेल, डिग्री लाल चौधरी, प्रमुख है।

---

## सेवानिवृत्त समन्वयकों का शाल श्रीफल और स्मृतिचिन्ह से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




समन्वयक संघ बलौदाबाजार ने अपने साथी समन्वयक सेवानिवृत्त रोशन लाल पटेल उच्च श्रेणी शिक्षक करमदा, बलदाउ राम साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एवं समन्वयक भरसेला बड़ा व रमेश भारद्वाज सेवानिवृत्त बीआरसीसी कार्यालय को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजेन्द्र कुमार टंडन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अविनाश तिवारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक थे। विदाई के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उनके कार्यों का याद किया और बताया कि यह विकासखंड के ऐसे शिक्षक एवं समन्वयक है जिन्हें कोई भी काम शासन द्वारा दिया गया पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ समय पर पूरा किया है। इस अवसर पर समन्वयक संघ द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही जागेन्द्र पुरेना समन्वयक व अमृतलाल बंजारे समन्वयक का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समन्वयक संध के जिलाध्यक्ष गोर्वधन प्रसाद वर्मा, विकासखंड अध्यक्ष मुन्नालाल मनहरे, भुपेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, गुरूदयाल कैवर्त, सुनील कुमार तिवारी, तोता राम खुटे सतीश भारद्वाज, अमृतलाल भारद्वाज, जागेन्द्र पुरेना, समारू बांधे, सेवाराम वर्मा, शिवकुमार वर्मा, हरीशचंद साहू, लक्ष्मीकांत पैकरा, संतोष सोनवानी, बसंत कोशले, सुशील सोनवानी, शशीकांत राणा, खुबचंद सिन्हा, सुरेन्द्र बंजारे, रामरतन कैवत्र्य, बिसाहुराम यादव, फागराम डहरिया, ढीलुराम साहू सहित समन्वयक साथी उपस्थित थे।






---

# ओबीसी कथाकारों के जातिगत अपमान से सर्व समाज में आक्रोश फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़िया सर्व समाज की बैठक

- बैठक में युक्तियुक्तकरण, स्वीकृत सामाजिक राशि को जारी करने, ज्ञापन सौंपने के साथ संगठन के

जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा की अध्यक्षता और समाज प्रमुखों की उपस्थिति मरार समाज के सामाजिक भवन में रखा गया। जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित किया गया। जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल पूर्ण होने के कारण कार्यकारिणी का चुनाव प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति के आधार पर 26 जुलाई को कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के अंतर्गत आने वाली सभी एससी, एसटी व ओबीसी समाज के जिलाध्यक्षों व समाजजनों को आमंत्रित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के भागवत कथाकार यामिनी साहू एवं मध्यप्रदेश के



देविका पटेल के बाद उत्तरप्रदेश के इटावा में कथावाचक मूलमणि यादव को उनके जाति के आधार पर विरोध कर एक के बाद एक ओबीसी समाज के कथाकारों का अपमानित किया। इस प्रकार ओबीसी समाज के धार्मिक कथाकारों का विरोध देश में एक वर्ग विशेष लोगों द्वारा किया जाना सामाजिक समानता धार्मिक कर्मकांड की स्वतंत्रता के अधिकारों के खिलाफ है। संगठन द्वारा ऐसे जातिगत भेद-भाव करने वालों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग शासन प्रशासन से की गई है। वहीं जिला के अलग-अलग समाज को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सामाजिक भवन व अन्य कार्यों के लिए राशि स्वीकृत किया गया था, जिससे वर्तमान सरकार द्वारा निरस्त कर रोक दी गई है। चूंकि, यह सभी समाज के हितों से जुड़ी मामले हैं, जिससे यथावत रखकर राशि जारी करने की मांग व शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने के बावजूद उसे संविदा में रखने की व्यवस्था खत्म कर नई नियुक्ति करने तथा महासमुंद में लॉ कालेज की शुरुआत करने के साथ ही छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेजों में एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के छात्रों की फीस सरकार द्वारा अन्य राज्य सरकारों की तरह वहन करने की मांग शामिल हैं। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल, प्रदेश पदाधिकारी कमलेश ध्रुव, संरक्षकगण नीरज गजेंद्र, राजू यादव, ढेलू निषाद, मुन्ना साहू, महामंत्री रेखराज बघेल, महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मीना वर्मा, रामशरण चंद्राकर, डमरूधर मांझी पूर्व पार्षद, राजेश रात्रे, हीरा सिंह नेताम उपस्थित रहे।

---

## गायत्री परिवार की जिला स्तरीय बैठक में बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांतिकुंज हरिद्वार में जून माह में आयोजित प्रांतीय बैठक में लिए गए निर्णयों के परिपालन में सुपर 100 युवा अभियान के अंतर्गत जिले की एक आवश्यक बैठक गायत्री शक्तिपीठ पिथौरा में आयोजित की गई। इस बैठक में समाज परिवर्तन हेतु गायत्री परिवार द्वारा संचालित 11 प्रमुख आंदोलनों पर विस्तार से चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन 2026 (माता की जन्म शताब्दी) के पूर्व समाज के नवनिर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करना रहा। इसके अंतर्गत जिला स्तर पर अनेक आंदोलन प्रमुखों की नियुक्ति की गई। युवा जोड़ो अभियान प्रभारी वेदराम साहू (पिथौरा), युवा संगोष्ठियां, शिविरों का आयोजन एवं नए युवा मंडलों का निर्माण, व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन अभियान प्रभारी ज्योति कुमार ठेठवार (सरायपाली), विद्यालयों में उद्बोधन, रैलियां, प्रशिक्षण, एवं व्यसन मुक्ति सेमिनार। वृक्ष गंगा अभियान प्रभारी रामाधीन यादव (खल्लारी), 105 पौधों का रोपण, तरु पुत्र/तरु मित्र योजना, गोष्ठियाँ, एवं माता की बाड़ी का विकास, भागीरथी गंगा अभियान, नदी-तालाब शुद्धिकरण एवं सफाई अभियान, आदर्श ग्राम योजना प्रभारी भारत साहू (महासमुंद), दो ग्रामों का चयन कर उन्हें आदर्श ग्राम बनाना एवं ग्राम तीर्थ योजना का क्रियान्वयन, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी प्रभारी महेश्वरी यादव (खल्लारी), पुंसवन संस्कार, कार्यशालाएं, बाल संस्कार शाला, 25 नई संस्कारशालाओं का संचालन, कन्या कौशल व किशोर कौशल शिविर, परिजनों द्वारा एक विद्यालय को गोद लेने की योजना, साधना आंदोलन प्रभारी नरेश साहू (महासमुंद), स्थानों पर सामूहिक साधना, सवा लाख मंत्र अनुष्ठान एवं 1000 मंत्र लेखन, साहित्य एवं स्वाध्याय आंदोलन प्रभारी भगवती साहू, झोला पुस्तकालय, ज्ञानरथ, वाचनालय, साहित्य प्रचार व विचार क्रांति अभियान, स्वास्थ्य आंदोलन प्रभारी राकेश साहू (बागबाहरा), योग शिविर, औषधीय पौधों का उत्पादन, स्वास्थ्य वाटिका का निर्माण, स्वावलंबन आंदोलन प्रभारी लिंगराज साहू (बसना), रोजगार हेतु 5 स्थानों पर शिविरों का आयोजन, गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ एवं उपासनाः 1000 घरों में, समूह साधनाः प्रत्येक ब्लॉक के प्रज्ञा मंडल/पीठ में, अखंड ज्योति पत्रिका एवं युग निर्माण योजना का विस्तार, 40 दिवसीय लघु अनुष्ठान एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण, नशा मुक्ति रैलियों का आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रतिनिधि भारत साहू, नरेश साहू (जिला संयोजक), रामाधीन यादव, ओम कुमार, पिथोरा से तुकाराम पटेल, पीआर वर्मा, वेदराम साहू, ठाकुर, नायक, सरायपाली से ज्योति ठेठवार, मंगला यादव, मालिकराम पटेल, प्रदीप पटेल, देवराज प्रधान सहित अनेक वरिष्ठ परिजन उपस्थित थे।

---

# देश की एकता के लिए समर्पित रहा प्रखर राष्ट्रवादी डॉ मुखर्जी का जीवन : ऐतराम

## भाजपा शहर मंडल द्वारा मनाई गई डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती, टाऊनहाल स्थित प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनसंघ के संस्थापक, अखंड भारत के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार टाउनहाल में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 6 जुलाई को भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाई गयी। भाजपा शहर मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने डॉ श्यामाप्रसाद को अखंड और अटूट भारत निर्माण का प्रणेता बताते हुए कहा कि मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान का पूरा राष्ट्र ऋणी रहेगा। देश में एकता के साथ एक समान संविधान लागू करवाने मुखर्जी सदैव संघर्ष करते रहे और देशहित में अपना सर्वस्व बलिदान किया।

कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी को प्रखर विद्वान,शिक्षाविद और राष्ट्रवादी चिंतक बताते हुए कहा कि भारत देश की स्वतंत्रता के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सरकार के समय देश में कश्मीर में लागू परमिट सिस्टम के साथ दो विधान, दो निशान और दो प्रधान का मुखर्जी ने पुरजोर विरोध करते हुए स्वयं कश्मीर प्रवेश किये और उनको गिरफ्तार किया, जहां जेल में उनकी रहस्यमय मृत्यु हुई। पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने श्यामाप्रसाद के योगदान को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत में नेहरू मंत्रीमंडल में गैरकांग्रेसी मंत्री रहते हुए भी उन्होंने अपने सिद्धांतों और राष्ट्रीय हित के मुद्दों से हटकर सरकार की नीतियों से कभी समझौता नही किया। नेहरू और गांधी की तुष्टिकरण के नीतियों का मुखर्जी हमेशा विरोध करते रहे। एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्नद्रष्टा श्यामाप्रसाद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवी चंदराठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, रमेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, भाजपा पदाधिकारी मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, महामंत्री यह अग्रज शर्मा, एम आर विश्वनाथन, आनंद साहू, महेंद्र जैन, राहुल चंद्राकर, ऋषभ बाफना, हिमांशु चंद्राकर, नंदू जलछत्री, भगवती करकेसे, पांडुरंग मदनकर, शरद राव, महेश चौहान, रमेश पटवा, गोपी कनौजे, महेंद्र सिक्का, लिलेश साहू आदि उपस्थित रहे।

---

## तीन दिन में शिक्षक व्यवस्था पर कार्रवाई नहीं तो पालक करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बृजराज उच्च प्राथमिक शाला के पालक समिति की बैठक हुई। जिसमें पालकों में शाला के शिक्षा गुणवत्ता, अध्यापन एवं उपस्थिति नियमित करने पर चर्चा हुई। शिक्षा गुणवत्ता की चर्चा में यह बात भी सामने आई कि शाला में गणित एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षक नही है। छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग रायपुर आदेश के परिपालन में शासकीय बृजराज पूर्व माध्यमिक शाला महासमुंद अंग्रेजी माध्यम से संचालित है।

इस शाला में सीबीएससी पाठ्यक्रम संचालित है। अंग्रेजी माध्यम के अध्यापन के लिए अन्य शाला से अंग्रेजी मीडियम के शिक्षक को कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद के आदेश के तहत इस शाला में व्यवस्था किया गया था, जो सत्र 2024-25 तक अध्यापन करा रहीं थी। वर्तमान शासन के आदेशानुसार संलग्नीकारण/अध्यापन व्यवस्था को समाप्त किया गया है। आदेशानुसार इन दो शिक्षक को भी अपने मूल शाला वापस कर दिया गया है।

वर्तमान में इस शाला में कक्षा 6वीं से 8वीं तक कुल 129 छात्र दर्ज है तथा तीन शिक्षक में केवल एक शिक्षक ही अंग्रेजी माध्यम विज्ञान विषय के लिए पदस्थ है। शेष दो में से एक अध्यापन कार्य के साथ प्रधानपाठक के प्रभार में है। गणित एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षक नही होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

## खबर संक्षेप



### आवारा मवेशी धान के पौधे को चटकर रहे

**गोपालपुर।** गांव एवं क्षेत्र के किसान खेत में धान एवं अन्य फसल की बुआई कर चुके हैं, जिसका पौधा उग कर तैयार हो चुका है, लेकिन अब पूरा क्षेत्र मवेशियों से परेशान है, जो धान के खेतों में घूस कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं रात में मवेशी सड़क पर समूह में बैठे रहते है, जो राहगीरों के लिए भी खतरा बने हैं। विगत दिनों सरकार ने सभी गांव में ग्रामसभा आयोजित की थी, उसमें भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए। पशु मालिक अपने पशु सम्हाल कर रखे और आवारा पशुओं को ग्राम पंचायत व्यवस्था करें। पंचायत मुख्यालय गोपालपुर के बस स्टैंड परिसर एवं व्यवसाय परिसर में पशुओं का जमावड़ा के कारण गोबर की बदबू आती है, जिससे यात्री एवं खरीदारी करने वाले ग्राहक परेशान होते हैं।

### ट्रक से 30 हजार का डीजल चोरी

**महासमुंद।** ट्रक से डीजल चोरी के मामले में सरायपाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि दौलतराम अग्रवाल के ट्रक की टंकी से किसी अज्ञात व्यक्ति ने करीब 300 लीटर डीजल कीमत 30000 रुपए की चोरी कर ली। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि 28 जून की शाम 6 बजे उसका ड्रायवर रंजित ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएम 5772 को उसकी दुकान बंसल आटो पार्टस बैतारी के सामने एनएच 53 रोड में खड़ा कर खाना खाकर ट्रक में ही सो गया था। अगले दिन 29 जून की सुबह सुबह 4 बजे ड्रायवर सोकर उठा व देखा कि ट्रक के डीजल टंकी में लगा ताला टूटा हुआ था एवं उससे करीबन 300 लीटर डीजल कीमत 30000 रुपए को किसी ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### प्राथमिक शाला गढ़पटनी में बाल संसद का गठन

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में बाल संसद का गठन सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री हितेश पटेल,उप प्रधानमंत्री झानेंद भारती, खेलमंत्री मानसी, जयराज, पर्यावरण मंत्री रितेश,शिवानी, सफाई एवं स्वास्थ्य मंत्री तमन्ना, दीपांशु, पुस्तकालय प्रभारी हंसिका कैवर्त, कृतिका डड़सेना, प्रार्थना प्रभारी हितेश, प्राची मध्यान भोजन प्रभारी रामेश्वरी, ताराचंद, व्यायाम प्रभारी, भरत लाल, डिंपल। शाला नायक हितेश पटेल, शाला नायिका तनीषा नाग का गठन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पश्चात प्रधान पाठक सरविंद सिदार द्वारा शपथ दिलाई गई।

**निर्देश :** कलेक्टर ने की खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा

# किसानों को आवश्यकतानुसार खाद-बीज उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ सीजन में खेती किसानी के लिए जिले के किसानों क़ो आवश्यकता अनुसार समय पर खाद और बीज़ उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार क़ो क़ृषि, सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद -बीज़ भण्डारण व वितरण किया। किसानों क़ो यूरिया सहित एनपीके व डीएपी उर्वरक आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।उन्होंने डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में डीएपी के साथ एसएसपी का उठाव करने किसानों क़ो प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।





कलेक्टर ने कहा कि किसानों क़ो गुणवत्तायुक्त खाद व बीज़ उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं क़ृषि सेवा केंद्रों की सतत निगरानी करें। समितिवार उर्वरक की आवश्यकता हेतु गेप आईडेंटिफाई करें और वहां उर्वरक भण्डारण कराएं। बताया गया कि जिले में बीज का पर्याप्त भण्डारण कराया गया है एवं किसानों को मांग अनुरूप वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में बीज वितरण लगभग पूरा हो गया है। सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों में एनपीके व डीएपी की मांग ज्यादा हैं। डीएपी उर्वरक का लक्ष्य 5000 मीट्रिक टन के विरुद्ध 5700 मीट्रिक टन भण्डारण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 25 मेट्रिक टन डीएपी इस माह मिलने की संभावना है। इसी तरह एनपीके उर्वरक का रैक रेलवे स्टेशन भाटापारा में लगा है जिसमें से 75 मीट्रिक टन जिले के लिए है।

## किसानों को मिलने लगी खाद, किसानों की समस्या हुई दूर



**बलौदाबाजार।** किसानों के लिए समय पर खाद व बीज़ का इंतजाम करना किसी चुनौती से कम नहीं होता। शासन -प्रशासन द्वारा किसानों क़ो खाद बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए समितियों में अग्रिम भण्डारण हेतु अवश्यक निर्देश अधिकारियों क़ो दिये गए हैं। समय पर बीज़ व उर्वरक मिलने से किसानों क़ो खेती -किसानी की चिंता दूर हुई है। ग्राम परसाभदेर (च) निवासी किसान संतोष कुमार निषाद हर साल की तरह इस बार भी अपने खेतों में मेहनत करने के लिए तैयार थे। लगभग 7 एकड़ जमीन में खेती करने वाले संतोष निषाद के चेहरे पर चिंता की लकीरें तब उभर आई थीं, जब उन्हें लगा कि कहीं इस बार खाद मिलने में देर न हो जाए। खाद की समय पर उपलब्धता हर किसान के लिए किसी राहत से कम नहीं होती। यही सोचकर वो पहुंचे सेवा सहकारी समिति बलौदाबाजार। लेकिन इस बार नज़ारा कुछ और ही था। न कोई भीड़ न कोई भागदौड़। व्यवस्था इतनी सुगम थी कि उन्हें तुरंत और पूरी मात्रा में खाद मिल गया। उन्होंने कहा, पहली बार ऐसा लगा कि सरकार सच में हमारे बारे में सोच रही है। खाद लेने में कोई दिक्कत नहीं आई, समय भी बचा और मेहनत भी। इससे अब खेत की बुवाई समय पर हो पाएगी। इस व्यवस्था से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट किया। उनका कहना था, मुख्यमंत्री की किसान हितैषी सोच के कारण ही आज हम जैसे छोटे किसान भी आत्मनिर्भर बन पा रहे हैं।

# विश्व आदिवासी दिवस मनाने हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के तत्वावधान में इस वर्ष भी समस्त आदिवासी संगठन, समस्त महासभा, चक अध्यक्ष, सगा समाज, अधिकारी, कर्मचारी का गोंडवाना भवन बलौदाबाजार में बैठक हुई। बैठक में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस गांव -गांव, ब्लॉक मुख्यालय में मनाने एवं जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस का भव्य आयोजन 24 अगस्त को जिला ऑडिटोरियम में मनाने का निर्णय लिया, जहां 5 ब्लॉक बलौदा बाजार, सिमगा, पलारी, कसडोल, भाटापारा के ब्लॉक अध्यक्ष, मुख्य प्रभाग, महिला प्रभाग, युवा प्रभाग एवं जिला के 4 महासभा के अध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न महासभा के लगभग 754 ग्राम के सगा समाज को जिला बैठक मे निर्देशित किया गया। बैठक में सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिला संरक्षक टेक सिंह ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, मनोहर मंडावी, सचिव थानू ध्रुव, सहसचिव दशरथ मंडावी, कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, जिला सचिव महिला प्रभाग राधा ध्रुव आदि मौजूद थे।

# ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत संकरी (को) में सहकारिता दिवस पर ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के प्रागंण में विशेष पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के सम्मान का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू ने की, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति प्रभारी राधेलाल साहू, ग्राम संकरी के सरपंच पीताम्बर साहू, ग्राम तुलसी के सरपंच गिरधर साहू, एवं ग्राम चोरभट्टी के सरपंच आकाश भारती उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के कई सम्माननीय नागरिकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दी, जिनमें बंधुराम साहू ग्राम सभा अध्यक्ष सकरी, पुनीतराम साहू, नारायण साहू, भगवत टंडन, चम्मनलाल साहू, बलराम साहू, नेतराम साहू एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। साथ ही समिति के कर्मचारी कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, आशाराम साहू, मुकेश साहू के भी उपस्थित थे।



### हाई स्कूल में किया गया पौधारोपण

**हथबंद ।** एक पेड़ मां के नाम थीम पर सिमगा विकासखंड के हथबंद शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में जिला अध्यक्ष आनंद यादव सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत शाला समिति अध्यक्ष विद्या वर्मा, उपाध्यक्ष धन्ना निषाद स्कूल प्राचार्य सीके नायक, त्रिवेदी जी, पसीने जी एवं समस्त शिक्षक छात्र, छात्राएं, पंचगण, मुलचंद टंडन, जीतू यादव, तिहारू राम, अखिलेश्वरी शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एक पृथ्वी एक कार्यक्रम पर संस्था के आनंद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पौधारोपण का बहुत महत्व है, सभी ने शपथ ली पर्यावरण प्रदूषण रहित और पौधों को सुरक्षित रखने के लिए शपथ दिलाई।



# अनिल सोनी सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत खरोरा को स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रपति पुरस्कार दिलाने वाले पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी को नगर पंचायत खरोरा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर सोनी ने कहा है कि सांसद द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन वह न केवल पूरी निष्ठा से करेंगे, बल्कि समय-समय पर कार्य की प्रगति से अवगत कराते रहेंगे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए सांसद एवं सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। सोनी की नियुक्त पर शहर के गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर की है।

इसमें वेदराम मनहरे, गुलाब टिकरिया, नवीन अग्रवाल, श्याम नारंग, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मन्हरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डा. सुरेंद्र वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, विद्या भारती प्रांतीय समन्वयक चंद्रकुमार डडसेना, वरिष्ठ समाजसेवी सूरज सोनी एवं नेतराम धीवर, पार्षद पंचराम यादव, पूर्णेन्द्र उपाध्याय, राहुल मरकाम, जयप्रकाश वर्मा, तामेश्वर, बाबा नसीने आदि शामिल हैं।

# मरार पटेल महासंघ करेगा प्रतिभाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

कर्मचारी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ की कार्यकारिणी बैठक रविवार को कर्मचारी भवन रायपुर में संपन्न हुआ, जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। बलौदाबाजार निवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पटेल ने बताया कि इस वर्ष भी प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक वेबसाइट के माध्यम से समाज के कर्मचारियों की ऑनलाइन गणना करने, सतत कैरियर मार्गदर्शन करने, समाज के निर्धन प्रतिभावान विद्यार्थियों के शिक्षा के लिए सामाजिक कोष की व्यवस्था करने सहित समाज हित में अनेक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नागेश्वर पटेल, संयोजक लीलाधर सिंह पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष डेहर पटेल, महासचिव पतिराम पटेल, डॉ. चंद्रकांत पटेल, केशव पटेल, पीताम्बर पटेल, लाखन पटेल, नेतराम पटेल, विनय कुमार पटेल, दिलीप पटेल, घनश्याम पटेल, नरेश पाटिल, होरीलाल पटेल, अमृत पटेल आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोहरा स्कूल में छात्रों को बांटी गई पेन-कॉपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत मोहरा के मिडिल और हाई स्कूल में सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा द्वारा बच्चों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों को शीश (स्लेट) कॉपी एवं कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को पेन व कॉपी दी गई। सरपंच तारिणी वर्मा ने कहा कि यह पहल प्रतिवर्ष उनके जन्म उत्सव पर जारी रहेगी, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बना रहे। इस आयोजन में सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, उपसरपंच चंदनलाल डहरिया, पूर्व उपसरपंच राजेश वर्मा, डिगेश्वर यदु, आर. के. सरसीहा, कार्तिकराम वर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। इस प्रयास की सभी ग्रामीणों ने सराहना की और उज्वल भविष्य की कामना की।

# पेंशनर्स के 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर एसोसिएशन ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



पेंशनर्स एसोसिएशन की तहसील इकाई ने जिलाध्यक्ष एसएम पाध्ये का 80 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शाल व श्रीफल से सम्मान किया। गत रविवार को स्थानीय सर्किट हाउस में पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील बलौदाबाजार इकाई की बैठक हुई।

80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स का सम्मान करने की परम्परा का निर्वाह करते हुए प्रांतीय महामंत्री डीपी जैन, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केएल महिलांगे व तहसील अध्यक्ष एसडी पड़वार ने एसएम पाध्ये का स्वागत करते हुए शाल व श्री फल से अभिनन्दन किया व उनके स्वस्थ व दीर्घायु रहने की कामना की। अध्यक्ष एसडी पड़वार ने बताया कि संघ की बैठक प्रत्येक माह की 10 तारीख को रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सदस्यों को बताया की शासन की तीर्थ यात्रा योजना का लाभ लेने के इच्छुक आवेदन जमा कर सकते हैं। आगामी दिनों में तीर्थ यात्रा अयोध्या के लिए जाने वाली है। आ

वेदन विधायक कार्यालय में जमा किये जा रहे हैं। अन्य विषयों पर चर्चा के उपरांत कार्यकारी अध्यक्ष के एल महिलांगे ने आभार प्रदर्शन किया।

बैठक में जीपी वर्मा, केके वर्मा, एके ध्रुव, एलएल वर्मा, एलके ठाकुर, पीआर धीवर, एसपी पाण्डेय, केआर साहू, डीके वैष्णव, आरपी मिश्रा, वाईके दुबे, चैतराम साहू, इतवारी राम ध्रुव, रमेश कुमार वर्मा, डी शर्मा व सरोज गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### स्कूल परिसर में...

लिए कोई कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल परिसर में बारिश के बाद से पानी भरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण स्कूल में बच्चों को काफी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। एक ओर जहां सरकार शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूल परिसर से लेकर बरामदे तक खुले मैदान तालाब बन गए है। वहीं हैंडपंप के पास भी करीब एक फुट पानी भरा हुआ है। इससे छात्राओं को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### आंबा केंद्र की...

स्थिति को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने इस भवन की स्थिति की शिकायत आंगनबाड़ी सुपरवाइजर व ग्राम सरपंच को की है। लेकिन शिकायत के बावजूद अब तक न तो किसी अधिकारी ने स्थल का निरीक्षण किया और न ही कोई मरम्मत कार्य शुरू हुआ है।

### चलती बस में ...

होती, तो परिणाम गंभीर हो सकते थे। कई लोगों ने ड्राइवरों की सेहत पर ध्यान देने और लंबी दूरी की ड्यूटी से पहले उनकी मेडिकल जांच अनिवार्य करने की मांग की है।

### भारत स्काउ गाइड...

केसरवानी, रामकुमार साहू उपाध्यक्ष स्थानीय संघ, दिनेश कुमार साहू, सबा खान, राजकुमारी रजनी केसरवानी, अनामिका मिश्रा, हरिश्चंद्र वर्मा, मुरारी साहू, सरिता मार्के, राधेश्याम पटेल, नरेश भट्टर, संजय पटेल, डा. दुलार पटेल, डी. आर. साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, हरीश साहू जनपद सदस्य, केशव सेन, आनंद अग्रवाल, विजय यादव उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि विजय केसरवानी द्वारा पेड़ के महत्व तथा जीवन में पेड़ क्यों आवश्यक है इस पर प्रकाश डाला। समारोह अध्यक्ष रामाधार पटेल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, स्थानीय संघ के अध्यक्ष मानक चंद वर्मा द्वारा शिक्षा के महत्व, खेल एवं संस्कार के साथ वृक्ष के महत्व पर अपना विचार व्यक्त किया। सभी अतिथियों, स्काउट गाइड एवं स्काउटर गाइडर तथा संस्था के सभी शिक्षकों द्वारा उत्साह के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत पेड़ लगाया गया। जिसमें फलदार पौधे आम, आंवला, सीताफल, अमरूद, जामुन, औषधि दार पौधे नीम, करण, शीशम, छायादार पौधे बरगद, पीपल, अर्जुन, सुगंधित पुष्प देने वाले आदि लगभग 100 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में स्थानीय संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाया गया एवं प्रतीक चिन्ह व पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। संकुल स्तरीय कार्यक्रम के तहत शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन भी किया गया। जिसमें नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण के साथ प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार वितरण किया। वहीं अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कैलाश साहू प्राचार्य, कौशिक मुनि त्रिपाठी संकुल समन्वय, अमृतलाल भारद्वाज जिला सचिव, जगदीश साहू स्काउटर, नरेंद्र कुमार वर्मा, तिलक वर्मा, गंगाराम वर्मा, धनेश कुमार वर्मा, योगेंद्र सोनवानी, चंद्रकांत वर्मा, नरेंद्र साहू, पारसनाथ वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, गंगाराम वर्मा, भगवत प्रसाद चंद्राकर, सनत खरे, लहाराम मनहरे, गाइडर अनुसूया वर्मा, लता कश्यप, माधुरी श्रीवास बड़ी संख्या में शिक्षक स्काउट गाइड एवं छात्र तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोपाल वर्मा एवं आभार प्रदर्शन विकासखंड सचिव भारत स्काउट गाइड चूड़ामणि वर्मा ने किया।

# पेंशनधारी संघ ने मांगों को लेकर सीएम को भेजा पोस्ट कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पेंशनर भवन में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा की बैठक हुई। इसमें पेंशनरों की दो सूत्री मांग क्रमशः धारा 49 (6) का विलोपन एवं केंद्र के समान ही देय तिथि से डी ए देने बाबत मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लेखन अभियान के तहत पत्र भेजा गया। बैठक में पेंशनर दिवस 17 दिसंबर जो की बलौदाबाजार मुख्यालय में आयोजित होना है उस पर भी उपस्थित पदाधिकारी द्वारा गहन विचार विमर्श कर टंकराम वर्मा से मिलकर उन्हें इस पर अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव ने एक अभिनव परिपाटी का सूत्रपात भी किया, जिसके अंतर्गत नए सदस्यों का स्वागत एवं संघ के सदस्यों का जन्मदिन मनाए जाने की घोषणा की। साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव, जिला संरक्षक जामवंत वर्मा, हलधर प्रसाद वर्मा, जिला प्रवक्ता रघुनाथ प्रसाद पटेल, आसाराम अनंत, तारण सिंह ठाकुर, भूषण लाल बंजारे, विशेश्वर पाल, कमल नारायण यदु, परेटन लाल साहू, रमेश कुमार वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, नारायण चंद्राकर, आर एन वर्मा, बरन लाल वर्मा, भवानी प्रसाद ध्रुव, सोन चंद वर्मा, वेद राम वर्मा, खिलावन साहू, अन्नपूर्णा शुक्ला, टीपी वर्मा, डी एस वर्मा एवं उभय राम के साथ बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

आदेश 5 नियम 20 क
आदेश 5 नियम 20 क
पेशी दिनांक– 06/08/25
क्लेम्स प्रकरण क्र.– 2017/24
प्रो. क्र. 2600

**समंस/नोटिस ईश्तहार**

**न्यायालय - श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बिलासपुर (छ.ग.)**

रविशंकर साहू वगैरह विरुद्ध
फुल चंद्रा वगैरह
बनाम

फुल चंद्रा पिता श्री भागवत प्रसाद चंद्रा उम्र 32 वर्ष, नं.– 11, बलौदाबाजार, निवासी–मेनरोड बजरंग चौक, वार्ड थाना व तहसील – बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)

रविशंकर साहू पिता स्व श्री गयाराम साहू उम्र 33 वर्ष के द्वारा आप लोगों के विरूद्ध दिनांक 13/10/2024 को वाहन ट्रक क्र. – सी. जी – 22, जेड.–3503 से हुए दुर्घटना में अपने पत्नि श्रीमती गीता साहू को पहुंची शारीरिक चोटों के परिणाम स्वरूप मृत्यु हो गयी है जिसकी क्षति की क्षतिपूर्ति के लिए यह दावा संस्थापित किया गया है, आप लोगों को इस न्यायालय में दिनांक 06/08/2025 को दिन में 11:00 बजे दावा का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए नाटिस ईश्तहार किया जाता है। आप लोग न्यायालय में स्वयं या अन्य किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति ही जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस दावा के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है, इसलिए आप लोगों को इस दिन अपने सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेज को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आप लोगो को सूचित किया जाता है कि यदि आप लोग ऊपर बतायी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आप लोगों की अनुपस्थिति मे किया जावेगा।

आज दिनांक 26/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया जाता है।

दिनांक : 26.06.2025

सिराजुद्दीन कुरैशी
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप




### नवोदय में प्रवेश के लिए आवेदन 29 तक

**बगबुड़ा** | पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक निर्धारित है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025 - 2026 मैं कक्षा 5वीं में अध्यनरत है। जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हो।

### महाविद्यालय में सांसद प्रतिनिधि बने नीरज शर्मा

**सिमगा**। राजीव गांधी शासकीय



महाविद्यालय सिमगा में रायपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नीरज शर्मा को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। शर्मा पूर्व में सुनील सोनी के भी सांसद प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर चुके हैं। शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, अनिल पाण्डेय किसान नेता, मंडल अध्यक्ष चन्द्रमणि तिवारी, महामंत्री छोटू यादव के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि वे अपने दायित्व पर खरा उतरेंगे। छात्र-छात्राओं को होने वाली समस्याओं के लिए एवं महाविद्यालय के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उनके सांसद प्रतिनिधि नियुक्त होने पर पार्षद सचिन जैन, रूजुन सोनकर, मुकुंद रजक, अनूप तिवारी, मनीषा माया सलुजा, टैबू देवागंन, विष्णु जायसवाल कमलेश साहू, मनोज चौबे, परस पाटकर, राजेश सिंह, प्रशांत देवागंन, आशीष शर्मा औरेठी, भागसिंग गेण्डरे, नारायण निषाद, धनश्याम देवागंन, बीएन देवांगन, हर्ष तम्बोली, संतोष देवांगन, मुकेश देवागंन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### सरपंच ने सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया

**कसडोल**। विकासखंड के अंतर्गत वनांचल ग्राम सोनपुर में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। यहां सरपंच ओमेश्वरी साहू निर्वाचित होने के बाद ग्राम के विकास हो रहा है। ग्राम में नयी सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। ग्राम के छन्नू साहू ने बताया कि सरपंच ग्राम विकास में लगातार कार्य कर रही हैं। सरपंच ओमेश्वरी साहू ने मीडिया को बताया कि सरपंच के रुप जब से निर्वाचित होकर आई है जनता क़े अपेक्षाओं के पूर्ति करने सदैव तत्परता के साथ खड़े रहने किया जा रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे राशन, पेंशन कार्ड बनवाने तन्मयता के साथ प्रयास किया जा रहा है। भूमिपूजन के दौरान जनपद सदस्य व सभापति देव सिंह यादव, उपसरपंच रेखा हरिचंद पटेल, जेठूराम निषाद, मोहन लाल साहू, छन्नू साहू, मन्नू साहू, लोकेन्द्र साहू, खेमनाथ साहू सहित सोनपुर के पंचगण एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### मारपीट के आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जीवनराखन बघेल निवासी वार्ड क्र 09 शिलापडेरा बागबाहरा ने बताया कि 7 जुलाई को सुबह नौ बजे निशा खान की दुकान में साफ सफाई कर रहा था, उसी समय अर्जुन और विनोद एवं उसके एक अन्य साथी दुकान अंदर में आए और डिस्पोजल गिलास, पानी पाऊच मांगा, इस पर उसने कहा कि कमरे में सामान है उसमें ताला लगा है और चाबी मेरे पास नहीं है। इस बात पर तीनों ने आक्रोशित होकर डंडे एवं वहां पर रखे पौवा शीशी से मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

## सेम्हराडीह में रंगमंच निर्माण के भूमिपूजन में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए हमारा प्रदेश सबका साथ, सबका विकास की भावना से नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उक्त बातें रविवार को विधानसभा के ग्राम सेम्हराडीह में रंगमंच निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कही। शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे देश की पहचान गांवों से है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, भाजयुमो मंडल, अध्यक्ष आशीष टोडर, संदीप वर्मा, कमल निर्मलकर, जोरावन, अमरनाथ वर्मा, लक्ष्मण ध्रुव, खूबचंद सेन, दुकलहा यादव, बबलू वर्मा, मोतीलाल ध्रुव, अभिषेक शर्मा, रामकुमार वर्मा, संजय वर्मा, मनोहर वर्मा, ओमप्रकाश ध्रुव, विक्रम वर्मा, कमल रजक, बुधराम ध्रुव, विजय वर्मा सहित ग्राम के सरपंच, पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



### भाटापारा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर

उन्होंने कहा जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। भाटापारा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। शर्मा ने कहा ग्राम में बन रहा यह रंगमंच न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, बल्कि ग्रामवासियों के लिए सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों का सशक्त मंच भी प्रदान करेगा।

## अनदेखी : मॉनिटरिंग नहीं, फिर से गांवों में पसरने लगी गंदगी

# गांवों में स्वच्छ भारत मिशन का हाल बेहाल, लोग खुले में जा रहे शौच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

गांवों में न तो बाहर शौच करने वालों की मॉनिटरिंग हो रही है और न ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन। इससे एक बार फिर गांवों में गंदगी फैलने लगी है। वहीं कई घरों में तो शौचालय नहीं है। कुछ घरों के शौचालय जर्जर हो गए हैं। ऐसे में कई लोगों को मजबूरी में बाहर शौच के लिए जाना पड़ता है। गांवों में खुले में शौच जाने की प्रवृत्ति है, जिसके चलते गांवों में गंदगी का आलम रहता था। इससे हमेशा बीमारी फैलने का डर बना रहता था। केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों की प्रवृत्ति को बदला गया। यह बदलाव यूं ही नहीं आया, बल्कि इसके लिए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ समाजसेवियों ने भी सालों तक खूब मेहनत की।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय बनाए गए। खुले में शौच जाने वालों को मॉनिटरिंग की गई। जुर्माना भी वसूला गया। गांव की महिलाएं ग्रुप में सीटी लेकर घूमती थीं। जहां भी कोई खुले में शौच करता नजर आता था, वे सीटी बजाती थीं। गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए इस प्रकार की मेहनत सालों तक करनी पड़ी। तब जाकर स्थिति में सुधार आया है। स्थिति सुधरते ही अधिकारी बेफिक्र हो गए और स्वच्छता की ओर ध्यान देना ही बंद कर दिया। अब फिर से गांव में लोग खुले में शौच जाने लगे हैं। इससे तालाब किनारे, श्मशान घाट, खेतों सहित अन्य स्थानों में गंदगी पसरने लगी है।

उल्लेखनीय है कि गांवों के कई घरों में अभी भी शौचालय नहीं है। ऐसे में वे मजबूरी में बाहर शौच जा रहे हैं। कई लोगों के घर में शौचालय होने के बाद भी वे खुले में गंदगी फैला रहे हैं। स्वच्छता की मॉनिटरिंग के लिए सरकार ने एक अलग से स्वच्छ भारत मिशन विभाग ही बनाया है। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी मॉनिटरिंग ढंग नहीं हो पा रहे हैं। यही कारण है कि स्वच्छता के लिए सालों तक की गई मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। यही स्थिति रही तो फिर से गांवों में पहले जैसा गंदगी फैलाना दूर नहीं।

### कचरा कलेक्शन भी बंद

शहर की तर्ज पर गांवों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की शुरुआत की गई थे, लेकिन इसकी भी मॉनिटरिंग ढंग से नहीं होने के कारण अधिकांश गांवों में कचरा कलेक्शन बंद है। कचरा कलेक्शन के लिए खरीदे गए लाखों के रिक्शे भी कबाड़ हो गए है। बताया गया है कि गांवों में लोगों से स्वच्छता शुल्क वसूली में लापरवाही बरती गई। कचरा कलेक्शन के लिए अलग से कोई फंड की व्यवस्था नहीं की नई थी। केवल शुल्क वसूली से मिले फंड से कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं को मानदेय दिया जा रहा था। शुल्क वसूली नहीं होने से उनका मानदेय भी बंद हो गया और उन्होंने कचरा कलेक्शन भी बंद कर दिया।



### गांवों से गायब हुए दल

गांवों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम बनाकर मॉनिटरिंग की जा रही थी। अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी भी सौंप गई थी। गांव स्तर पर लोगों की टीम बनाकर उन्हें खुले में शौच जा रहे लोगों की मॉनिटरिंग का जिम्मा दिया गया था। अब ये सभी टीम मैदान से गायब हो गई है। यही नहीं स्वच्छ भारत मिशन में फंड की कमी से स्वच्छता अभियान को धक्का लगा है।

# यादव समाज ने सामाजिक एकता और शिक्षा पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

मुसवाढोडी में कृष्णवंशी यादव समाज लवन परिक्षेत्र का एक दिवसीय बैठक हुई, जिसमें समाज के युवाओं की अच्छी शिक्षा और एकता पर जोर दिया गया। बैठक में समाज के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं समाज में फैली बुराइयों और कुरीतियों को दूर करने पर भी जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता लवन परिक्षेत्र अध्यक्ष भीखम यादव ने किया।

मुसवाढोडी में कृष्णवंशी यादव समाज लवन परिक्षेत्र, परिक्षेत्र अध्यक्ष भीखम यादव ने कहा कि किसी भी समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। अगर समाज को आगे बढ़ाना है तो शिक्षा अत्यंत जरूरी है। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिए उपस्थित समाज जनों को एकजुट रहने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष महासिंह यादव ने बैठक में समाज के युवाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने प्रोत्साहित किया, क्योंकि शिक्षा को समाज के विकास के लिए आवश्यक माना गया है।

बैठक में अंतर जाति को समाज में शामिल कर जयमाला शादी कराया गया। एक दिवसीय बैठक में लवन परिक्षेत्र उपाध्यक्ष देवकरण यादव, सचिव चूड़ामणि यादव, महासचिव संतोष यादव, जिला ग्रामीण बलौदाबाजार उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, जिला संचालक गौवचरण यादव, अक्षय यादव, ईश्वर यादव, छन्नू यादव, लखन यादव, धनकू यादव, लीलक यादव, गिरीश यादव, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनायी डॉ. मुखर्जी जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव के आतिथ्य में मनाई गई। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर श्री मुखर्जी को नमन भी किया। भाजपा मंडल के गठन के बाद सर्वप्रथम बैठक भी आहूत की गई, जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने संगठन की विशेषता एवं महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की, साथ ही नवीन दायित्व भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुमार पटेल, पूर्व सभापति नवीन मिश्रा सहित स्वागत भाषण भाजपा मंडल कसडोल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने दिया और नवीन दायित्व मिलें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आंनद यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, जिला मंत्री कृष्णकुमार पटेल, मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, महामंत्री रामचंद्र ध्रुव, अनिल श्रीवास, नगर पंचयात अध्यक्ष नागेश्वर साहू सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल के ज्येष्ठ श्रेष्ट पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित थीं।

# पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में पालकों पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सरपंच रामेश्वर लहरी ने किया। विद्यालय के प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक ने शाला प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया उद्देश्य एवं इसके महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात नियमानुसार समिति के सदस्यों का चयन आमसभा की सहमति से किया गया। गठित समिति में पालक प्रतिनिधि, शिक्षक प्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि एवं विद्यालय के प्रधान पाठक को सम्मिलित किया गया। नवगठित शाला प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक में विद्यालय विकास की दिशा में आवश्यक प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा सहयोगात्मक वातावरण में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

उक्त समिति में कुल 16 सदस्य होते हैं। विद्यालय के प्रधान पाठक पदेन सचिव वरिष्ठ शिक्षक को पदेन सहसंयोजक बनाया गया तथा शिक्षाविद के रूप में प्रीत राम साहू पंचायत प्रतिनिधि के रूप में रोशन साहू को चुना गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष लुकेश कुमार साहू तथा उपाध्यक्ष चेतना साहू को चुना गया। इस प्रकार से कुल सोलह सदस्य चुने गये जिसमें से 50 प्रतिशत महिलाओं को सदस्य चयन किया गया। इस अवसर पर पालकों ने विद्यालय की प्रगति हेतु समिति को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। आमसभा के सफल आयोजन के लिए शिक्षकगण गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन, गिरीश कुमार वर्मा, सत्यनारायण बंजारे, प्रेममाया ध्रुव तथा माधुरी कंवर ने समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और आगे भी सहयोग की अपेक्षा के साथ सभा का समापन किया।

### मड़कड़ी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

पवनी। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मड़कड़ी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष राधे पटेल, संतोष कर्ष, पूर्व अध्यक्ष धरम लाल आदित्य, जनपद सदस्य अशोक पटेल, सरपंच शौखी-नंदू पटेल, सचिव सरस्वती साहू ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर साथ ही मुंह मीठा कर अभ्यास पुस्तिका एवं किताब वितरण किया। जनप्रतिनिधियों ने उद्बोधन के दौरान शिक्षा को एक अच्छे समाज और चरित्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाले प्रथम सीढ़ी होना बताया और बच्चों को अच्छे शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। अशोक पटेल ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का नया अध्याय होता है, जिससे उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होता है। उन्होंने भी नव प्रवेशी छात्र-छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया और शिक्षा को समाज की धुरी बताते समाज के निर्माण के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख व समन्वयक भैयाराम पाटले, राजकुमार वर्मा प्रधान पाठक, हेमन्त कुमार श्रीवास, परदेशी लाल दिव्य, चूड़ामणि साहू, विजय कुमार देवांगन, संतोष साहू, पुष्पेंद्र साहू एवं गांव के विशिष्ट नागरिक उपस्थित थे ।




## 5 लाख का चेक बंधन महिला स्व सहायता को समूह प्रदान किया

# नपा अध्यक्ष अशोक ने महिला समूह को चेक वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के स्वावलंबी जीवन के लिए छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा 5 लाख का चेक बंधन महिला स्व सहायता समूह को प्रदाय किया गया।

महिला समूह एसएचजी को प्रदाय राशि से आपसी लेनदेन करने एवं प्राप्त राशि से अपने स्वयं का रोजगार संचालित करने व आपस में ऋण का आदान-प्रदान करना है। शासन द्वारा रास्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि से समूह की महिलाओं द्वारा छोटे मोटे व्यापार जैसे -ब्यूटी पार्लर, सिलाई कार्य, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, बागवानी, जनरल किराना जैसे कार्यों में उपयोग करती है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने समूह की महिलाओं से राशि के उपयोग एवं प्राप्त ब्याज दर की जानकारी सहित आपसी लेनदेन की प्रक्रिया की जानकारी ली गई व महिला समूह को प्राप्त राशि का सही ढंग से उपयोग किये जाने व स्वयं को बेहतर ढंग से महिला समूह आकर स्वावलंबी जीवन जिए यही शासन की इस योजना का उद्देश्य है।

महिला स्वयं सहायता समूह के प्रकरण को बैंक तक पहुंचाने एवं ऋण दिलाने में दीपिका बंजारे का योगदान रहा है, इस समुह को चेक वितरण के अवसर पर पार्षद प्रिया शशिभूषण शुक्ला, हरजीत सिंह सलूजा, अमितेष नेताम, गौतम चौहान, लोकेश कुमार चेलक, मनोज कांत पुरेना, सलमान शेख, शशि भूषण शुक्ला सहित महिला स्व- सहायता समूह की अध्यक्ष शशि साहू, सचिव अनिता पटेल व सदस्यगण मीना वर्मा, अंजू साहू, रामेश्वरी वर्मा, रश्मि रजक, अंजू निषाद, लछवन्तीन वर्मा, सावित्री यादव, जयंती साहू, अनीता द्विवेदी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

